न्यायालय : - उपजिलाधिकारी
मण्डल :लखनऊ , जनपद :लखनऊ , तहसील :मोहनलालगंज
कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या:- T202110460304172
वाद संख्या:- 04172/2021
एन0जी0के इन्फ्रावेनचर्स प्रा0लि0 बनाम सरकार
उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता - 2006 , अंतर्गत धारा:- 101
अंतिम आदेश "
आदेश तिथि:- 16/06/2022

ग्राम-पुरसेनी
निर्णय
प्रस्तुत वाद की कार्यवाही एन0जी0के0इन्फ्रावेन्चर्स प्रा0लि0 द्वारा निर्देशक गौरवदीप सिंह पुत्र गुरूवचन कार्यालय पता सेक्टर-11, बी, पानी की टंकी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ निवासी बरौली खलीलाबाद पोस्ट उतरठिया परगना बिजनौर तहसील सरोजनीनगर जिला लखनऊ के प्रार्थना पत्र के आधार पर प्रारम्भ की गई, जिसके द्वारा अवगत कराया गया कि वादी द्वारा अपनी भूमि खाता संख्या 00466 की गाटा संख्या-1290/0.2530हे0 स्थित ग्राम पुरसेनी परगना व तहसील मोहनलालगंज लखनऊ का विनमय ग्राम समाज की बंजर भूमि खाता संख्या 01004 की गाटा संख्या-1258/0.0630हे0 व गाटा संख्या 1263क रकबा 0.013हे0 व ऊसर भूमि की खाता संख्या 01019 पर अंकित गाटा सख्ंया 1263ख रकबा-0.304हे0 में से रकबा-0.177हे0 कुल तीन किता रकबा-0.253हे0 से किए जाने का अनुरोध किया गया।
वाद दर्ज कर नियमानुसार लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ/सरकार को नोटिस जारी की गयी जो बाद तामीला संलग्न पत्रावली है। लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से कोई उपस्थित नही हुआ और न ही उनकी ओर से कोई आपत्ति दाखिल की गयी है।
नियत तिथि पर उभय पक्षों के विद्वान अधिवक्ता को सुना गया तथा पत्रावली का अवलोकन व परिशीलन किया गया। तहसीलदार मोहनलालगंज की आख्या में उक्त दोनो भूमि का तुलनात्मक विवरण समान है। पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि भूमि खाता संख्या 00466 की गाटा संख्या-1290/0.253हे0 स्थित ग्राम पुरसेनी परगना व तहसील मोहनलालगंज लखनऊ का विनमय ग्राम समाज की बंजर भूमि खाता संख्या 01004 की गाटा संख्या-1258/0.0630हे0 व गाटा संख्या 1263क रकबा 0.013हे0 व ऊसर भूमि की खाता संख्या 01019 पर अंकित गाटा सख्ंया 1263ख रकबा-0.304हे0 में से रकबा-0.177हे0 कुल तीन किता रकबा-0.253हे0 से विनिमय किये जाने में कोई विधिक वाधा प्रतीत नही होती है। विनियम किया जाना न्याय संगत प्रतीत होता है।
आदेश
अतः तहसीलदार मोहनलालगंज से प्राप्त आख्या के आधार पर भूमि स्थित ग्राम पुरसेनी परगना व तहसील मोहनलालगंज लखनऊ की वर्तमान खतौनी फसली वर्ष 1427-1432 की खाता संख्या 00466 की गाटा संख्या-1290/0.2530हे0 पर अंकित खातेदार एन0जी0के0इन्फ्रावेन्चर्स प्रा0लि0 द्वारा निर्देशक गौरवदीप सिंह पुत्र गुरूवचन कार्यालय पता सेक्टर-11, बी, पानी की टंकी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ निवासी बरौली खलीलाबाद पोस्ट उतरठिया परगना बिजनौर तहसील सरोजनीनगर जिला लखनऊ का नाम निरस्त करते हुए प्रश्नगत वादीय भूमि को बंजर श्रेणी 5-3-क/कृषि योग्य बंजर-इमारती लकडी केवन के नाम दर्ज किया जाता है तथा ग्राम समाज बंजर श्रेणी 5-3-क/कृषि योग्य बंजर-इमारती लकडी केवन की भूमि फसली वर्ष 1427-1432 की खाता संख्या 01004 की गाटा संख्या-1258/0.0630हे0 व गाटा संख्या 1263क रकबा 0.013हे0 व ऊसर भूमि श्रेणी 6-4 जो अन्य कारणों से अकृषिक हो की खाता संख्या 01019 पर अंकित गाटा सख्ंया 1263ख रकबा-0.3040हे0 में से रकबा-0.177हे0 कुल तीन किता रकबा-0.253हे0 निरस्त करते हुए प्रश्नगत भूमि को एन0जी0के0 इन्फ्रावेन्चर्स प्रा0लि0 द्वारा निर्देशक गौरवदीप सिंह पुत्र गुरूवचन कार्यालय पता सेक्टर-11, बी, पानी की टंकी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ निवासी बरौली खलीलाबाद पोस्ट उतरठिया परगना बिजनौर

तहसील सरोजनीनगर जिला लखनऊ के नाम संक्रमणीय भूमिधर दर्ज किया जाता है। तहसीलदार मोहनलालगंज की आख्या दिनांक 07.02.2021 इस आदेश का अभिन्न अंग रहेगी। आदेश की प्रति तहसीलदार मोहनलालगंज को वास्ते अनुपालन हेतु प्रेषित हो। बाद आवश्यक कार्यवाही पत्रावली संचित अभिलेखागार हो।
दिनांकः 16-06-.2022

उपजिलाधिकारी
मोहनलालगंज लखनऊ।

Disclaimer :

उपरोक्त सूचना मात्र सूचनार्थ है तथा राजस्व न्यायालय कम्प्यूटरीकृत प्रबन्धन प्रणाली (RCCMS) में उपलब्ध अद्यतन सूचना पर आधारित है , इस सूचना की कोई विधिक मान्यता नहीं होगी। वास्तविक सूचना की पुष्टि सम्बंधित न्यायलय / न्यायालयों की पत्रावली / पत्रावलियों से की जा सकती है।"